महत्वपूर्ण एवं खास

चोरी और लूट में शामिल रहे आरोपियों को तलब कर अपराधों से दूर रहने की दी गई कड़ी चेतावनी

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर 20 फरवरी के शाम अभियान चलाकर सभी थाना व चौकी प्रभारीगण अपने-अपने क्षेत्र के सजायाफ्ता और संपत्ति संबंधी अपराध-चोरी, लूट, नकबजनी, डकैती में संलिप्त रहे आरोपियों को तलब कर उनके वर्तमान गतिविधियों तथा जीवकोपार्जन के स्रोत चेक किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा उन्हें अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहकर सामान्य जीवन व्यतीत करने की समझाइए दी और चेतावनी दिये कि यदि वे आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी, पुलिस उनकी सभी गतिविधियों पर निगाह रखे हुए है।

खनिज विभाग की कार्यवाही: 2 जेसीबी और 5 ट्रैक्टर जब्त

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर के एल चौहान के निर्देशन में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम् ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत खनिज अधिकारी एच डी भारद्वाज के जिला खनिज अमला द्वारा अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर कार्यवाही किया गया। खनिज अमला द्वारा सारंगढ़ क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन में संलिप्त 02 जेसीबी और 5 ट्रैक्टरों पर कार्यवाही किया गया। 01 जेसीबी ब्रेकडाउन होने के कारण मौके पर ही 01 जेसीबी तथा 02 ट्रैक्टरों को सील किया गया तथा 01 जेसीबी एवम् 03 ट्रैक्टरों को थाना सारंगढ़ के सुपुर्दगी में दिया गया। खनि अधिकारी भारद्वाज ने कहा कि कलेक्टर चौहान के निर्देशानुसार जिले में खनिज से संबंधित अवैध कार्यों पर निरंतर कार्यवाही किया जाएगा।

कलेक्टर चौहान ने स्कूलों के परीक्षा केन्द्राध्यक्षों का बैठक लिया

सारंगढ़ बिलाईगढ़। आगामी दिनों में स्कूली बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के लिए कलेक्टर के.एल. चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के केन्द्राध्यक्षों का बैठक लिया। बैठक में चौहान ने कहा कि परीक्षा के दिवस थाना से परीक्षा प्रश्नपत्र भलीभांति चेक कर लाना है। जिस दिनांक को जिस विषय का परीक्षा है, उसी प्रश्नपत्र को केन्द्रों में वितरण करना है और केन्द्राध्यक्ष को परीक्षण कर प्राप्त करना है और परीक्षा उपरांत उत्तरपुस्तिका आदि दस्तावेजों को थाना भेजने की जिम्मेदारी है। ऐसी कोई भी अति आत्मविश्वास में कार्य नहीं करना है कि मैं इतने वर्षों से यह कार्य कर रहा हूं। सभी कार्यों को पूरी गंभीरता से कार्य करना है। सभी स्कूल में नकल के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना है। इसके लिए सभी सजग रहें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.एन. भगत, परीक्षा प्रभारी एस.आर. अजय उपस्थित थे।

सीबीआई जांच पर लगी रोक विष्णुदेव साय सरकार ने लिया वापस

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य में एक बार फिर से सीबीआई जांच कर पाएगी। करीब 5 साल पहले सीबीआई जांच पर यहां रोक लगा दी गई थी। राज्य के गृह विभाग ने सीबीआई द्वारा जांच व अनुसंधान के लिए अधिकारिता के संबंध में केंद्र सरकार को 10 जनवरी 2019 को भेजे गए विभागीय पत्र को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। ज्ञात हो कि भाजपा ने सत्ता संभालते ही गत 3 जनवरी 2024 के कैबिनेट की बैठक में पीएससी 2021-22 में हुए गड़बडिय़ों की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा की थी. इसे लेकर करीब महीनेभर बाद राज्य शासन ने ईओडब्ल्यू एसीबी में एफआईआर भी दर्ज कराई. चूंकि अब सीबीआई पर राज्य में लगा प्रतिबंध हट गया है, लिहाजा सीबीआई कभी भी छत्तीसगढ़ में धमक सकती है।

जिले के 10 विद्यालयों को पीएमश्री योजना के तहत किया जा रहा विकसित

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की रायगढ़ जिले में प्राथमिक शिक्षण गतिविधि की प्रशंसा
- रायगढ़ के लर्निंग आउटकम को बेहतर पाये जाने पर दी शाबाशी

रायगढ़। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया पीएम योजना का शुभारंभ 19 फरवरी 2024 को हुआ। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देश भर में 14500 विद्यालयों को पीएम विद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है। जिसकी विधिवत शुरुआत केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की गरिमामयी उपस्थिति में कल रायपुर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देश भर के 14500 सरकारी स्कूलों को पीएम योजना में अपग्रेड किया जा रहा है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों का चयन प्रथम चरण में किया गया है। इसमें एलीमेन्ट्री स्तर पर 193 और सेकेंडरी स्तर पर 18 स्कूल शामिल है। विद्यार्थियों को इन स्कूलों में आईसीटी, डिजिटल क्लास रूम के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी तथा विद्यालय में योग शिक्षक, खेल शिक्षक के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास भी कराया जाएगा। विद्यालय के बाहरी आवरण को आकर्षक बनाने के लिए प्रिंट रिच कराए जा रहे हैं तथा स्कूल को एक ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं स्थानीय उद्योगों के साथ इंटर्नशिप, उद्यमिता के अवसरों से जोड़ा जाएगा। इस योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले के 10 विद्यालयों को पीएमश्री योजना के तहत विकसित किया जा रहा है।

रायगढ़ जिले के लिए यह अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि रायपुर में आयोजित उद्घाटन समारोह में पीएमश्री योजना की विधिवत शुरुआत के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्टॉल के साथ रायगढ़ जिले के दो शिक्षक निरंजन पटेल लामीखार एवं ओम कुमारी पटेल शंकरपाली के मार्गदर्शन में तीन बच्चों के द्वारा स्टाल लगाया गया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्टाल में जाकर शिक्षकों एवं बच्चों से वार्तालाप करते हुए प्रदर्शित टीएलएम से संबंधित कई प्रश्न पूछे, बच्चों को आईडी कार्ड पढ़कर सुनाने को कहा, बच्चों द्वारा सही पढऩे पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षक एवं बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में टीएलएम पर बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है, जो अन्य विद्यालय के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने रायगढ़ जिले के शिक्षा व्यवस्था संचालन की तारीफ करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही बच्चों को शुभकामना देते हुए अपना ऑटोग्राफ दिये। इस अवसर पर रायगढ़ जिले के शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ की चिन्हारी लकड़ी की बैलगाड़ी और धन बाली की बनी हुई झाड़ू भेंट किया जिसे केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने सहर्ष स्वीकार कर जिले जिले के शिक्षकों और बच्चों को धन्यवाद और आशीर्वाद दिया।

मॉडल उत्तरों के संबंध में मिली आपत्तियों का विषय-विशेषज्ञ करेंगे परीक्षण

- छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग प्रतिवेदन के आधार पर जारी करेगा परिणाम

रायगढ़। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य प्रारंभिक सेवा परीक्षा-2023 के संबंध में जारी किए गए मॉडल उत्तरों के संबंध में सोशल मीडिया एवं मेल आदि के माध्यम से कुछ प्रश्नों के मॉडल उत्तरों के गलत होने के संबंध में परीक्षार्थियों से प्राप्त हो रही आपत्तियों को संज्ञान में लिया है। आयोग विषय-विशेषज्ञों से इसका परीक्षण कराएगा और प्रतिवेदन के आधार पर ही राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 के परिणाम जारी किए जाएंगे।

यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन 11 फरवरी 2024 को किया गया था। उक्त परीक्षा के संबंध में 16 फरवरी 2024 को मॉडल उत्तर जारी किए गए। मॉडल उत्तरों के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न सोशल मीडिया, मेल के माध्यम से कुछ प्रश्नों के मॉडल उत्तरों के गलत होने के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा आपत्ति की जा रही है। अभ्यर्थियों से 27 फरवरी तक प्रश्न एवं उत्तरों के संबंध में ऑनलाईन आपत्ति आमंत्रित है। परीक्षा नियंत्रक लोक सेवा आयोग ने कहा है कि 27 फरवरी तक मॉडल उत्तरों के संबंध में प्राप्त आपत्तियों एवं प्रश्न-उत्तरों का परीक्षण विषय-विशेषज्ञों से कराया जाएगा और उनसे प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर परिणाम जारी किए जाएंगे।

महतारी वंदन योजना : हितग्राहियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से पहली बार मार्च माह में आएगी राशि

- आवेदनों के सत्यापन के बाद दावा-आपत्ति ली जाएगी
- दावा-आपत्ति के बाद अंतिम सूची होगी जारी
- प्रथम चरण के बाद अगले चरण में आवेदन करने का फिर मिलेगा अवसर

रायगढ़। महतारी वंदन योजना के प्रथम चरण में आज अंतिम तिथि को शाम तक आवेदन लिए गए। प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के उपरांत जल्द ही अनंतिम सूची जारी की जाएगी। अनंतिम सूची जारी करने के बाद दावा-आपत्ति भी ली जाएगी। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी। पहले चरण में जितने भी आवेदन आएंगे, उनके सत्यापन के बाद प्रथम बार डीबीटी के माध्यम से आधार लिंक बैंक खातों में मार्च माह की राशि, मार्च माह में ही अंतरित की जाएगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी पूरी करने जा रही है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ की पात्र विवाहित महिलाओं के खाते में प्रति माह एक हजार रूपए, इस प्रकार साल में 12 हजार रूपए अंतरित किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार समाचार लिखे जाने तक जिले में 2 लाख 94 हजार 279 आवेदन प्राप्त हो चुके है। महतारी वंदन योजना के प्रथम चरण में आवेदनों के प्राप्त होने के साथ-साथ सत्यापन की कार्यवाही भी की जा रही है। प्रथम चरण के बाद फिर से अगले चरण में पात्र हितग्राहियों को आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह प्रक्रिया सतत् चलती रहेगी।

रैरूमाखुर्द पुलिस ने तस्करों से 37 मवेशियों को कराया मुक्त

- कृषक मवेशियों की तस्करी कर रहे 6 आरोपी पशुक्रूरता के अपराध में किया गिरफ्तार

रायगढ़। जिले के धरमजयगढ़, रैरूमाखुर्द, लैलूंगा, तमनार क्षेत्र से मवेशियों की तस्करी का अंदेशा बना रहता है जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर पुलिस टीमें मवेशी तस्करी पर अंकुश लगाने मुखबीरों को सक्रिय कर निगाह रखे हुए है।

इसी कड़ी में 19 फरवरी के शाम चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को मुखबिर को सूचना मिला कि चार व्यक्ति कृषक मवेशियों को जोड़ों में बांधकर बेरहमी पूर्वक मारते-पीटते बगैर चारा पानी के पैदल चरखा पारा से बरपाली जंगल होते हांडीपानी की ओर जा रहे हैं। तत्काल चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ तस्दीक कार्यवाही के लिए रवाना हुए। पुलिस की टीम द्वारा बाकारूमा जंगल रोड में 6 मवेशी तस्करों को पकड़ा गया। मवेशी को हांकते मिले 04 तस्करों से नाम पूछताछ करने पर अपना नाम सुकरू लकड़ा, जगन्नाथ, रामेश्वर यादव, चिंताराम यादव बताये और उनके दो साथी निरंजन राठिया और विक्की सारथी को पीछे सड़क किनारे होना बताये जिनके कब्जे से 37 नग कृषक मवेशियों को जप्त किया जिनके दो साथियों को भी पुलिस टीम द्वारा हिरासत में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा तस्करों से मवेशियों के खरीदी-बिक्री का मालिकाना हक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने कहा गया जिसमें वे कोई प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाये। जब्त 37 मवेशियों का वर्तमान मूल्य करीब 120000 रुपए बताया जा रहा है तथा आरोपियों से नगदी रकम 2300 रुपए तथा तीन मोबाइल बरामद कर जप्त किया गया है। मवेशी तस्कर आरोपी - (1) सुकरू लकड़ा पिता लक्ष्मण लकड़ा 50 साल निवासी तोलमा (2) जगन्नाथ पिता बुधराम उम्र 55 साल निवासी किलकिला हांडीपानी (3) रामेश्वर यादव पिता जेठू राम यादव उम्र 30 साल निवासी धौंराभाठा (4) चिंताराम यादव पिता सदाराम यादव उम्र 54 वर्ष निवासी चरखापारा (5) निरंजन राठिया पिता स्व. शिवनारायण 35 वर्ष निवासी चरखापारा (6) विक्की सारथी पिता स्व. सुनील सारथी 30 साल निवासी बाकारूमा चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़ के विरूद्ध पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द (थाना धरमजयगढ़) में आरोपियों पर छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन, आरक्षक जॉन टोप्पो, तुलसी नाग, भेक लाल सिदार, प्रमोद भगत, जयचंद भगत की विशेष भूमिका रही है।

चक्रधर नगर पुलिस ने अपचारी बालक समेत चार आरोपियों को हत्या के प्रयास के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़। दिनांक 18 फरवरी के शाम थाना चक्रधर नगर अंतर्गत भेलवाटिकरा में सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान गांव के शिवा खड़िया पर 5-6 लड़कों द्वारा धारदार हथियार से मारपीट के मामले में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मारपीट में शामिल विधि से संघर्षरत बालक समेत 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया।

घटना को लेकर ग्राम भेलवाटिकरा में रहने वाले संतोष किसान खड़िया (उम्र 38 साल) द्वारा 18 फरवरी के रात थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 फरवरी के शाम करीब 7:30 बजे गांव में सरस्वती प्रतिमा के विसर्जन के बाद प्रसाद वितरण कर रहे थे। उसी समय झगड़ा विवाद की आवाज आने पर जाकर देखें कुछ लड़के गांव के शिवा किसान खड़िया (उम्र 28 साल) को मारपीट कर मोटरसाइकिल में भाग रहे थे। एक लड़के (अपचारी बालक) को पकड़े। घटना के समय बीच बचाव करने आयी शिवा किसान की पत्नी शिवरात्रि खड़िया (उम्र 27 साल) के भी कोहनी पर धारदार हथियार (चाकू) से चोट आया है। घटना के बाद आहत शिवा किसान खड़िया को डायल 112 की मदद से मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 307,34 IPC के तहत अपराध पंजीबद किया गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल अपने टीम के साथ फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिये और मारपीट में शामिल 03 आरोपी सूरज सिदार, संजय बरेठ, आशीष महेश को हिरासत में लेकर थाना लाये। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सरस्वती प्रतिमा के विसर्जन के दौरान शिवा खड़िया (आहत) का अपचारी बालक से झगड़ा विवाद हुआ जिस पर अपचारी बालक कृष्णापुर आकर उसे शिवा खड़िया द्वारा मारपीट करना बताया तो गांव के 6 लड़के भेलवाटिकरा गये और शिवा से मारपीट किये थे। आरोपियों के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त हथियार को जप्त गया है। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा (1) विधि के साथ संघर्षरत बालक एवं आरोपी- (2) सूरज सरार पिता रामलाल सिदार उम्र 21 साल (3) संजय बरेठ पिता ननकी बरेठ 26 साल (4) आशीष महेश पिता गोविंद सिंह महेश 21 साल तीनों निवासी कृष्णापुर थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

स्कूटी लूटपाट में शामिल फरार आरोपी को जूटमिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायगढ़। जूटमिल पुलिस द्वारा 2 फरवरी को जूटमिल शराब भट्टी के सामने से प्लेजर स्कूटी और नगद रु.1500 लूटपाट करने वाले फरार आरोपी अक्षय उर्फ बिट्टू निषाद को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

चौकी जूटमिल में 3 फरवरी 2024 को मेडिकल कॉलेज के पास रहने वाले रामकुमार खैरवार (41 साल) द्वारा 2 फरवरी के शाम जूटमिल शराब भट्टी के पास से उसकी प्लेजर स्कूटी और रु.1500 को तीन लड़के- संजय भट्ट, प्रेम सारथी व उनका एक साथी (अक्षय उर्फ बिट्टू निषाद) द्वारा लूटपाट कर भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया था। थाना जूटमिल में संजय भट्ट, प्रेम सारथी व एक अन्य पर लूट का अपराध दर्ज किया गया। आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार थे। 12 फरवरी को लूटपाट में शामिल आरोपी- संजय भट्ट और प्रेम सारथी को जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया जिन्होंने साथी अक्षय उर्फ बिट्टू निषाद को भी घटना में शामिल होना बताया थे जिसे लूटपाट की स्कूटी बरामद कर आरोपियों को लूट और चोरी के अन्य प्रकरण में रिमांड पर भेजा गया था। आज सुबह थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को फरार आरोपी अक्षय उर्फ बिट्टू निषाद के घर में होने की मुखबीर से सूचना पर तत्काल अपने स्टाफ के साथ दबिश देकर आरोपी अक्षय उर्फ बिट्टू निषाद पिता टेंगनू निषाद उम्र 21 साल अंश होटल के सामने कुम्हार पारा विश्वकर्मा का किराया मकान थाना कोतवाली रायगढ़ को हिरासत में लिया गया जिसने लूटपाट का अपराध स्वीकार किया और प्रार्थी का लूटा हुआ मोबाईल को पकड़े जाने के डर से नदी में फेंक देना बताया है। आरोपी को जूटमिल पुलिस द्वारा लूटपाट के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

प्रतियोगी परीक्षा हेतु छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका एवं सहस्त्र बोध किताब का किया गया वितरण

- कलेक्टर के एल चौहान ने सारबिला कैरियर अकादमी में युवाओं को दिया मार्गदर्शन

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर के एल चौहान ने सारंगढ़ स्थित सारबिला कैरियर अकादमी सारंगढ़ में युवाओं को मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने आगामी सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी, इसके साथ ही अभ्यर्थियों को स्वयं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका एवं सहस्त्र बोध किताब का वितरण किया एवं शुभकामनाएं दिए। कलेक्टर ने अभ्यर्थियों को टाइम मैनेजमेंट करना सीखने, नियमित रूप से नोट्स बनाने एवं नियमित अंतराल पर टेस्ट सीरीज देते हुए, समसामयिक घटनाओं पर ध्यान देते हुए रोजाना लिखने का अभ्यास करने को कहा। कलेक्टर ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सही समय पर किया हुआ साधारण कार्य भी बाद में किए जा रहे बहुत अधिक विशिष्ट कार्य से बेहतर होता है, इसलिए समय का विशेष ध्यान रखें। इसके पश्चात कलेक्टर ने अपने छात्र जीवन के संघर्षों के बारे में बताते हुए कहा कि वे रायगढ़ के तमनार क्षेत्र के एक छोटे से गांव से आते हैं जहां बिजली और सड़क की सुविधा भी नहीं थी एवं स्कूली पढ़ाई के दौरान बरसात के दिनों में दो अलग-अलग नदियों को पार कर जाना पड़ता था, उस समय नांव की भी सुविधा नहीं थी तो एक जोड़ी अतिरिक्त कपड़े रखा करते थे क्योंकि नदी पार करना होता था। इसके अलावा छात्रों ने लाइब्रेरी एवं अन्य मांगों को कलेक्टर के समक्ष रखा, जिस पर कलेक्टर ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

जनदर्शन के माध्यम से एडीएम जांगड़े ने सुनी लोगों की समस्याएं

- प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। जनदर्शन में आज मांग और समस्याओं के संबंध में विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर एडीएम संतन देवी जांगड़े ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

बजरंग पारा रायगढ़ की सौहद्रा यादव अपने पति के लिए व्हील चेयर की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनका पति नागेश्वर यादव को पैरालेसिस अटैक आने के कारण गत 4 महीने से बेड पर पड़े हुए है। जिनका घर में इलाज चल रहा है, वहीं चलने-फिरने में परेशानी हो रही है। अगर व्हील चेयर प्राप्त हो जाता तो आने-जाने में आसानी होती। एडीएम जांगड़े ने समाज कल्याण विभाग को प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम-कोतरलिया की प्रतिमा यादव विधवा पेंशन राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि पति के मृत्यु पश्चात गुजर-बसर करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में विधवा पेंशन की राशि प्राप्त हो जाती थी तो जीवन-यापन में आर्थिक मदद मिल जाती। एडीएम जांगड़े ने जनपद सीईओ को आवेदन पर तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। विकासखण्ड खरसिया के ग्राम-फरकानारा निवासी निवासी ओमप्रकाश महंत काम दिलाये जाने के संबंध में आये थे। उन्होंने बताया कि वे शारीरिक रूप से दिव्यांग व गरीब परिवार से है। किसी प्रकार का काम मिल जाता तो आर्थिक स्थिति में सुधार होती। एडीएम जांगड़े जनपद सीईओ खरसिया को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु कहा, ताकि वे आगे स्वयं का रोजगार स्थापित कर सके।

जनदर्शन में भगवानपुर रायगढ़ की ज्योति सिंह अपने बच्चे का स्कूल फीस कम कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि पति की मृत्यु उपरांत रोजी-मजदूरी करके अपना जीवन-यापन कर रही है। उन्होंने बताया कि उसके बच्चे का प्रायवेट स्कूल में दाखिला हो गया है, लेकिन स्कूल भर्ती के लिए फीस भरने में दिक्कत हो रही है। अगर फीस में कुछ कमी हो जाती तो राहत होती। एडीएम जांगड़े ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्राप्त आवेदन पर नियमानुसार उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनदर्शन में पेंशन, राशन, आवास, राजस्व, चिकित्सा, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर ज्वाईंट कलेक्टर डी.आर.रात्रे, प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी महेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480